ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-06-2023

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-06-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-06-24	2023-06-25	2023-06-26	2023-06-27	2023-06-28
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	1.0
अधिकतम तापमान(से.)	35.0	35.0	35.0	34.0	33.0
न्यूनतम तापमान(से.)	28.0	29.0	29.0	28.0	27.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	61	63	62	63	65
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	31	33	34	38	36
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	25	25	27	26	24
पवन दिशा (डिग्री)	234	231	227	223	236
क्लाउड कवर (ओक्टा)	5	3	4	7	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 33.0 से 35.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 27.0 से 29.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

जिन क्षेत्रो में पिछले दिनों अच्छी बारिश हुई वहाँ किसान भाई बाजरा, मूँग, मोठ, ग्वार तथा तिल की बुवाई शुरू कर सकते हैं।बीज को फफूंदनाशक, कीटनाशक तथा दलहनी फसलों को राइजोबियम से उपचारित करे।

लघु संदेश सलाहकार:

28 जून को कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
बाजरा	बाजरा की बुवाई का उपयुक्त समय जुलाई के तृतीय सप्ताह तक है किसान भाई खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। एम.पी.एम.एच-17, राज-171, एच.एच.बी-67(इम्प्रूड), जी.एच.बी-719, सी.जेड.पी-9802, आर.एच.बी-177, एच.एच.बी-197 व आर.एच.बी-173 उन्नत किस्मों की व्यवस्था करें । बुवाई के लिए चार किलो बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग मे लें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूँग की बुवाई का उपयुक्त समय जून मध्य से मध्य जुलाई है अतः किसान भाई उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, खाद तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। उन्नत किस्मों जैसे जी.एम.-4, जी.ए.एम.-5, जी.ए.एम.-6, आई.पी.एम.-02-03, एस.एम.एल-668, आर.एम.जी-344 तथा आर.एम.जी-268 की व्यवस्था करें।
तिल	तिल की बुवाई बुवाई के लिए उन्नत किस्मों के बीज आर.टी-46, आर.टी-125, आर.टी-127, आर.टी-346, उर्वरक और बीज उपचार आदानों की व्यवस्था करें।
ग्वारफली	ग्वार की बुवाई का उपयुक्त समय मध्य जुलाई तक है अतः उन्नत किस्म के प्रमाणित बीज, तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें। ग्वार की उन्नत किस्मों जैसे आर.जी.सी.-936, आर.जी.सी-1033, एच.जी-2-20, आर.जी.सी-1038, आर.जी.सी-1031, आर.जी.सी-1017 व आर.जी.एम-112 की व्यवस्था करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
भिण्डी	भिण्डी की बुवाई के लिए अपराजिता, शक्ति, अर्का अनामिका, वर्षा उपहार व परभनी क्रांति उन्नत किस्मों के बीजों की बुवाई करें। बुवाई हेतु 12 किलो बीज प्रति हैक्टेयर की दर से प्रयोग में लें।
लौकी	कुष्माण्ड कुल की सब्जियों की उन्नत किस्मों की बुवाई करें। लौकी- यू.एस.एम.श्रवण, पूसा नवीन व पूसा मेघदूत। तोरई पन्त तोरई-1, पूसा नसदार, पूसा चिकनी व अरका सुजात। बुवाई के समय 30 किलो नत्रजन, 40 किलो फॉस्फोरस व 40 किलो पोटाश प्रति हैक्टेयर की दर से दें। बुवाई से पूर्व 2 ग्राम थाइरम से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	खरीफ फसलो की बुवाई लाइनों में करे तथा डी.ए.पी. की पूरी मात्रा बुवाई के समय 7 से 8 सेंटीमीटर गहराई में दे जिससे उर्वरक बीज से 2-3 सेंटीमीटर नीचे रहे।